तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

11 अवसरों का लाभ उठाने वाले को मिलेगी...



11 अवैध गर्भपात पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



## खबर संक्षेप

### तेजधार हथियार से वार कर दो युवकों को किया घायल

**उचाना।** उचाना के पालवां बस अड्डा पर दो युवकों पर कहासुनी के चलते तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया। घायल युवकों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक आरोपी को 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई मुकेश कुमार की टीम सायंकालीन गश्त दौरान सीवन बाईपास नाका कैथल पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली थी।

### पेयजल समस्या को लेकर जताया रोष

**जींद।** सफीदों के वार्ड नंबर 9 की महिलाएं जनस्वास्थ्य कार्यालय सफीदों में पहुंची और एक सप्ताह से कॉलोनी में पीने का पानी नहीं आ रहा है। जिससे लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कालोनी में कुछ घरों में तो पानी आ जाता है, कुछ में पानी नहीं आता है। अधिकारियों ने कहा कि पहले नहर पर दो ट्यूबेल थे, जिनमें एक ट्यूबल खराब होने के कारण यह समस्या आ रही है।

### गांव भाना के ग्रामीण से 7800 रुपये ठगे

**कैथल।** सब्सिडी पर लोन दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने भाना के ग्रामीण से 7800 रुपये ठग लिए। भाना के जय भगवान ने थाना में दी शिकायत में बताया कि मजदूरी करता है। 2 माह पहले उसका मकान गिर गया था, जिसे वह नए सिरे से बनाना चाहता था। दिसंबर माह के मध्य में उसके पास अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था।

### प्रोडक्शन वारंट पर लिया अवैध पिस्तौल सप्लायर

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने अवैध पिस्तौल सप्लाई करने के आरोपी रामराय निवासी पम्मी उर्फ पोमी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। थाना सदर जींद के प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सीआईए 1 की टीम ने नौ फरवरी को जींद निवासी अजय को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया था।

### ग्राम सचिवालय में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजोंद क्षेत्र में ग्राम सचिवालय का ताला तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर व अन्य सामान चोरी के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम ने आरोपी कोटडा निवासी पंकज उर्फ बनिया को काबू कर लिया। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ललितखेड़ा निवासी महिला अंजू रानी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी 15 मार्च 2021 को ईक्कस गांव निवासी संदीप के साथ हुई थी। संदीप कंपनी में इंजीनियर है।

### ट्रांसफार्मरों से सामान चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** वर्ष 2024 दौरान गांव आंहु में खेत से ट्रांसफार्मरों का सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपित बांसी कलां जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी मोहम्मद साबिर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सिटी स्क्वेयर के निर्माण के लिए 19 करोड़ रुपये का टेंडर लगाने की मंजूरी

## शहर के मुख्य उद्योग मार्ग पर 35 लाख से बनी तीन सड़कों का नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की तरफ से टूटी सड़कों का भव्य निर्माण कार्य करने को लेकर कार्य शुरू हो गया है। जहां कई सड़कों का शिलान्यास किया जा रहा है तो कई सड़कों का उद्घाटन भी नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग की तरफ से किया जा रहा है। मंगलवार को नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने शहर के प्रमुख उद्योग मार्ग पर 35 लाख रुपये से बनी तीन मुख्य गलियों का उद्घाटन किया। लंबे समय से ये गलियां टूटी हुई थी। अब इन गलियों के बनने से व्यापारी वर्ग सहित अन्य वर्ग के लोगों ने खुशी



जाहिर की है और चेयरपर्सन का आभार भी व्यक्त किया है। इस दौरान वार्ड नंबर सात से विजय गर्ग, वार्ड नंबर 14 से दीपक शर्मा, वार्ड 17 के पार्षद प्रवेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि नप की तरफ से टूटी पड़ी सड़कों के निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शहर के रेलवे गेट से लेकर भगत सिंह चौक, छात्रावास रोड, माडल टाउन जींद रोड, सेक्टर 19 व 20 की सड़कों पर जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इन सड़कों के निर्माण को लेकर टेंडर लगाया जा चुका है, जल्द ही वर्क आर्डर जारी किया जाएगा। छात्रावास रोड की सड़क करीब ढ़ाई करोड़, मॉडल टाउन की सड़क करीब 52 करोड़ रुपये में बनकर तैयार होगी। इसी तरह से पंथ नगर व शुगर मिल कालोनी की भी सड़कें बनाई जा रही है। किसी भी वार्ड में गलियां कच्ची नहीं रहने दी जाएगी। शहर में सड़कों का जाल बिछाने के लिए कार्य शुरू हो चुका है। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि उनके कार्यकाल से पहले भ्रष्टाचार के चलते सिटी स्क्वेयर का निर्माण कार्य रुक गया था, उन्होंने इसका कार्य शुरू करवाया था। उनके कार्यकाल में करीब दो करोड़ रुपये का कार्य हुआ है, अब 19 करोड़ रुपये की राशि शेष है, जिसके टेंडर लगाने की मंजूरी निकाय विभाग से मिल चुकी है, जल्द ही टेंडर लगा दिया जाएगा। कुल 52 करोड़ रुपये में से अब तक 33 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है। जो राशि पहले खर्च हुई है, उसकी भी जांच करवाई जाएगी। सिटी स्क्वेयर के बनने से लोगों को काफी फायदा होगा, जाम से मुक्ति मिलेगी। यह शहर का एक बड़ा प्रोजेक्ट है।

### 60 लाख रुपये में बनेगी सड़क

नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि कबूतर चौक से लेकर नई सब्जी मंडी तक 60 लाख रुपये में सड़क बनकर तैयार होगी। इस सड़क का आज शिलान्यास किया जाएगा। इस दौरान हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, मार्केट कमेटी चेयरमैन सतीश सिरटा भी मौजूद रहेगी। इस सड़क पर नई स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएंगी। इससे पहले भी जींद रोड पर नई स्ट्रीट लाइट लगाई जा चुकी हैं। इन लाइटों के लगने से मार्ग रात के समय भव्य दिखाई देता है। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर में सड़कों के साथ-साथ चौक-चौराहों, पार्कों में भी विकास कार्य जोरों पर चल रहे हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे। भाजपा सरकार में सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।



कैथल। सेक्टर 20 के लोग टूटी सड़कों के विरोध में नारेबाजी करते हुए।

# कैथलः जर्जर सड़क बनवाने के लिए रोड पर उतरे सेक्टरवासी, नारेबाजी

## आरोपः दो साल से केवल आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल एचएसवीपी सेक्टर 20 की जर्जर सड़कों को लेकर को लेकर यहां के बाशिंदो का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने नगर परिषद, जिला प्रशासन व भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सेक्टर 20 के विनोद कुमार, मंगत राम चहल, सुभाष सेतिया, प्रवीण बिढ़ान, अमर गुगलानी, विनेश महत्ता, सुशील गर्ग, विनोद मदान, मिंकू खन्ना, विनोद मदान, नीरज महत्ता ने कहा कि वो पिछले दो वर्षों से बदहाली का जीवन जी रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसा नहीं है कि जिला प्रशासन को इस बारे में कुछ मालूम ना हो। सेक्टर वासी अपना दुखड़ा नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ वार्ड के पार्षद के आगे भी रो चुके हैं लेकिन समस्या ज्यों की त्यों है। लोगों का कहना था कि यहां करोड़ों के बगले बने हुए हैं लेकिन सडक़ें चवन्नी छाप हैं। उनका गलियों में निकलना मुश्किल हो रहा है।

### उचित कार्रवाई के लिए बोला

डीसी अपराजिता ने बताया कि सेक्टर 20 के लोग आज उनसे मिले थे। बताया कि ये लोग एक बार ईओ से मिले थे लेकिन नए ईओ से उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई है। उन्होंने इस संदर्भ में नगर परिषद के ईओ को उचित कार्रवाई के लिए बोला है। उन्होंने सेक्टर 20 के लोगों से कहा है कि सड़कों की हालात के बारे में वे ईओ से मिले और अगर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वे दोबारा उनसे मिल सकते हैं।

### हर रोज विद्यार्थी चोटिल

सेक्टर 20 के लोगों का कहना है कि इसी सेक्टर की सडक़ों से डीएवी स्कूल के बच्चे जाते हैं। सडक़ टूटी होने की वजह से हर दिन बच्चे स्कूटी व साइकिल से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात के दिनों में सडक़ में बने गड्ढों में पानी खड़ा हो जाता है और वाहन चालक गिर जाते हैं। बरसात के दिनों में उनका दर्द दोगुना हो जाता है। सेक्टर 20 के लोगों का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से वार्ड पार्षद व नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं उन्हें आश्वासन के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला।

## मौसम में अचानक बदलाव आने से पारा 24 डिग्री तक पहुंचा

# बढ़ते तापमान से धरतीपुत्र परेशान फसलों में बीमारी फैलने का खतरा

## जींद में सवा लाख से अधिक में गेहूं व 10 हजार हेक्टेयर में सरसों की फसल

**किसान अब एक अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में अचानक से बदलाव आया है और पारा 24 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में मौसम में हुए इस बदलाव का प्रभाव फसलों पर पड़ सकता है। सबसे ज्यादा प्रभाव सरसों विशेषकर पछेती बुआई की फसल पर चेपा कीट आक्रमण कर सकता है। क्योंकि यह मौसम चेपा कीट के लिए बिल्कुल अनुकूल है। अगर चेपा कीट का आक्रमण होता है तो खेतों में विकसित हो रही सरसों व गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाएगा। इसके अलावा तापमान में बढ़ोत्तरी से पछेती सरसों चेपा की गिरफ्त में आ सकती है और उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। जिले में किसानों ने लगभग सवा लाख हेक्टेयर से अधिक में में गेहूं तथा 10 हजार हेक्टेयर से अधिक में सरसोंकी बिजाई की हुई है। पिछले एक सप्ताह से तापमान 20 डिग्री से बढ़ कर 24 डिग्री तक पहुंच रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा रही और मौसम में आद्रता 50 प्रतिशत रही। अगर तापमान में इसी तरह वृद्धि होती रही तो यह गेहूं व सरसों फसल में बीमारी ला सकता है। जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बनेगा और उत्पादन भी कम होगा। हालांकि किसान इस समय एक अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अगर बारिश होती है तो यह दोनों ही फसलों के लिए सोने पर सुहागा साबित होगी।



जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

### कीटनाशक के साथ जरूरत के हिसाब से फसलों में सिंचाई करें किसानः डा. राजेश

### पिछले पांच दिन का तापमान

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 10 फरवरी | 24 डिग्री | 11 डिग्री |
| 09 फरवरी | 22 डिग्री | 09 डिग्री |
| 08 फरवरी | 22 डिग्री | 09 डिग्री |
| 07 फरवरी | 23 डिग्री | 09 डिग्री |
| 06 फरवरी | 23 डिग्री | 09 डिग्री |

### तुरंत करें कीटनाशक का प्रयोग

दिन में तापमान ऊंचा जा रहा है तो रात को तापमान में गिरावट हो रही है। जिसके चलते नमी भी बढ़ रही है। जिसका सीधा असर फसलों पर पडता है। अगर बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं तो कीटनाशक का प्रयोग करें। अगर बारिश होती है तो फसलों में बीमारी हट जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम बीमारियों के अनुकूल बना हुआ है। किसान लगातार खेतों का भ्रमण करते रहें। अगर अल परजीवी दिखे तो कीटनाशक का प्रयोग करें। किसान लगतार सरसों के फूलों व पत्तों को भी देखते रहें। कीटनाशक के साथ जरूरत के हिसाब से फसलों में सिंचाई करें।

### लगातार करें खेतों का दौरा

बदलते मौसम में गेहूं व सरसों फसल पर कीटों का आक्रमण न हो, इसके लिए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को फसलों की नियमित रूप से निगरानी करते रहने की सलाह दी है ताकि फसल में लगने वाले रोगों का समय पर नियंत्रण किया जा सके और नुकसान से बचा सके। अभी गेहूं फसल में अल व चेपा दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सरसों उत्पादक किसानों को विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। फसल में अल या अन्य परजीवी देखने पर किसान कृषि विशेषों से सलाह ले सकते हैं। अगर गेहूं में कहीं पर निशान दिखाई दे रहे है तो उनकी फूंगल को तोड़ दें।

# कैथलः मांगों को लेकर मल्टी पर्पज वर्कर्स ने की डीइओ कार्यालय पर जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मल्टी पर्पज वर्कर्स यूनियन हरियाणा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी और एसओ को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रधान जोगिंदर शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में लगभग 251 मल्टी पर्पज वर्कर वर्ष 2018 से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2024 के बाद शिक्षा विभाग की ओर से न तो किसी प्रकार का रिलीविंग लेटर जारी किया गया है और न ही निरंतर सेवाएं देने संबंधी कोई लिखित आदेश दिया गया है। इससे कर्मचारियों की स्थिति असमंजसपूर्ण बनी हुई है। जोगिंदर शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा मल्टी पर्पज वर्करों को एचकेआरएन में शामिल करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई पत्र जारी नहीं किया गया। यूनियन ने विभाग पर मनमानी करने के आरोप लगाए। यूनियन प्रधान ने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा तीन माह के भीतर वेतन जारी करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, लेकिन चार माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कोर्ट के आदेशों की अवमानना हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग द्वारा अभी तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इन सभी मांगों को लेकर यूनियन ने आज कैथल स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डीईओ व एसओ को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।




कैथल। डीइओ कार्यालय में नारेबाजी करते मल्टी पर्पज वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर निकाला पैदल मार्च

**जींद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने और हर वर्ग को इसमें शामिल करने के लिए मजदूर, किसान, कर्मचारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को सीटू, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ व किसान सभा जुड़े कार्यकर्ता जींद जंक्शन रेलवे स्टेशन पर इक्_ हुए और अंबेडकर चौक तक जींद शहर के मुख्य बाजारों से होते पैदल मार्च निकाल कर और सभी दुकानदारों व्यापारियों एवं आम जनता को 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रीय वापी हड़ताल के मांग मुद्दों से संबंधित इश्तहार वितरित करते जागरूकता अभियान चलते विभिन्न तबकों के नागरिकों को हड़ताल में हर तरह की सहयोग एवं शामिल होने की अपील की। पैदल मार्च का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान संजीव ढांडा व सीटू जिला प्रधान रमेश चंद्र, जिला सचिव संदीप जाजवान, किसान नेता वेद प्रकाश अलेवा रिटायर्ड कर्मचारियों के नेता विक्रम ने किया।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद परिजन और गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### इंजीनियरिंग ने एक रुपया स्वीकार कर पूर्ण की वैवाहिक रस्में

**जींद।** गांव कंडेला में नरवाना के एक इंजीनियर युवक ने स्नातकोत्तर युवती से विवाह के बाद विदाई में मात्र एक रुपये स्वीकार कर सभी वैवाहिक रस्में पूर्ण की। समस्त अनुष्ठान अत्यंत सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। जिसमें किसी भी अतिथि को मदिरापान नहीं कराया गया। सभी बारातियों से मदिरा का सेवन नहीं करने का अनुरोध किया गया था। वधू ने भी दहेज रहित विवाह की इच्छा व्यक्त की थी। वर एवं वधू ने अपने-अपने माता-पिता तथा रिश्तेदारों की सहमति एवं इच्छा के अनुरूप सादगीपूर्वक विवाह संपन्न किया। वधू के पिता जगदेव रेढू जो शिक्षा विभाग में प्राध्यापक पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने भी अपनी पुत्री की विदाई में 11 रुपये का योगदान दिया। इस अवसर पर कंडेला खाप के प्रधान धर्मपाल कंडेला ने इस सादगीपूर्ण विवाह की सराहना की और उपस्थित जनसमूह से भारतीय संस्कृति के रीति रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न करने का आग्रह किया।

# कार की टक्कर से एएसआई सहित चार कर्मचारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल में गांव टीक के पास एक कार चालक ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में गाड़ी में सवार पुलिस कर्मचारियों को भी हल्की चोटें लगी। कैथल के एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ के एएसआई करनैल सिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे 8 फरवरी को अपनी टीम में शामिल पुलिस कर्मचारी ईश्म सिंह, होम गार्ड सतीश व ड्राइवर सुभाष को लेकर अपराध की रोकथाम के लिए ढांड के लिए जा रहे थे। जब उनकी टीम गांव टीक में पॉवर हाउस के सामने पहुंची तो सामने से आ रहे एक गाड़ी के ड्राइवर ने तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को टककर मार दी। टक्कर से उसकी टीम में शामिल सभी कर्मचारियों को हल्की चोटें लगी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पर दी। टीम मौके पर पहुंची और चालक से पूछताछ की। आरोपी ड्राइवर ने अपना नाम गुलाब सिंह बताया जो डयोढ़ खेड़ी कर रहने वाला है। सदर थाना के जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि इस संबंध में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तीन माह से लटके विकास कार्य, श्रद्धालुओं को झेलनी पड़ेगी परेशानी

# तीर्थ पांडु पिंडारा को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पितरों की आत्मा की शांति के लिए जिस तीर्थ पांडु.पिंडारा को देश में बिहार के गया के समक्ष आंका जाता है, उसके विकास को लेकर पीडब्ल्यूडी जींद के अधिकारी बेहद सुस्ती और लापरवाही दिखा रहे है। महाभारतकालीन तीर्थ पांडु पिंडारा के लिए करोड़ों की राशि का टैंडर जारी होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी विकास कार्य को सिरे चढ़ाने में जो संजीदगी नहीं दिखा रहे उससे 17 फरवरी को आ रही अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी।



पांडु पिंडारा के ग्रामीण परेशानी को देखते हुए इसके लिए सीधे तौर पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा रहे है। श्रद्धालुओं ने कहा कि तीर्थ पांडु पिंडारा के विकास के लिए रिपेयरिंग, पेंटिंग, दो नए घाट और ग्रील लगाने के कई माह पहले टैंडर जारी हुए थे। ये विकास कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग की और से सिरे चढने है। मगर पिछले तीन माह से ये कार्य अधर में लटके हुए है। तीर्थ के तालाब के चारों और दीवार की मरम्मत करने और उसे पेंटिंग से सजाने के लिए सरोवर का पानी निकाला गया था। पिछले तीन माह से विकास कार्य ठप पड़े हुए है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के समक्ष बार-बार शिकायत भी की गई है। किंतु कार्य शुरू नहीं हो रहा। 17 फरवरी को अमावस्या आ रही है। अमावस्या के दिन देशभर से श्रद्धालु तीर्थ पर पूजा, अर्चना के लिए पहुंचते है। तीर्थ के तालाब में पानी कम होने के कारण श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी। तालाब के आसपास सफाई की व्यवस्था चरमरा चुकी है। यदि पीडब्लयूडी के अधिकरी विकास कार्य को जल्द सिरे चढ़वा देते तो इस समस्यां से बचा जा सकता था। किंतु तीर्थ के विकास को लेकर अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली बेहद दुर्भाग्य वाली बात है। तीर्थ के विकास को लेकर अधिकारियों को संजीदगी दिखानी चाहिए थी।

### ढुलमुल रवैया बर्दाश्त से बाहर

महाभारतकालीन तीर्थ पांडु पिंडारा के अधर में लटके विकास कार्य का मामला सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के संज्ञान में जाने के बाद उन्होंने पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई है। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि तीर्थ के विकास को लेकर जो अधिकारी सुस्ती और कोताही बरत रहे है, उनपर कार्रवाई के लिए शीर्ष अधिकारियों से बात की जायेगी। तीर्थ पांडु पिंडारा को लेकर पूरे देश में श्रद्धा है। इसलिए जरूरत पड़ी तो अधिकारियों पर गाज गिराने के लिए देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में आवाज उठाई जायेगी। तीर्थ को लेकर अधिकारियों का ढुलमुल रवैया बर्दाश्त नहीं होगा।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style



# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।


## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...



**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।

***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

*__नई दिल्ली।__ सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज

**जींद।** उचाना विधानसभा क्षेत्र में आगामी 18 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उचाना के विधायक देवेन्द्र अत्री व डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने उचाना की नई अनाज मंडी का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।

### हड़ताल में शामिल नही होगी यूनियन

**जींद।** बीएमएस कार्यालय में यूनियन कार्यकर्ताओं की बैठक प्रधान राजबीर मलिक की अध्यक्षता में हुई। संचालन राजेश शर्मा निर्जन ने किया। बैठक में 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में यूनियन द्वारा शामिल नहीं होने का फैसला लिया गया। इसके बाद कर्मचारियों की मांगों को लेकर भी चर्चा हुई और महाप्रबंधक राहुल जैन के साथ मुलाकात की। महाप्रबंधक ने कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जींद: 101 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** टाटा एआई कार्यालय में तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. मनजीत ने शिरकत की। शिविर में 101 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में मुख्यअतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर सम्मानित किया।

### परिणाम में सुधार के लिए स्कूलों का निरीक्षण करेंगे

**जींद।** जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक स्तर और परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। इसमें शिक्षा अधिकारी अध्यापकों का पढ़ाने का तरीका, बच्चों का बौद्धिक स्तर पठन शैली आदि की जांच करने के साथ ही इसकी रिपोर्ट बना कर निपुण मिशन की मेंटर व मानिटर एप पर अपलोड करेंगे।

### पांच विद्यार्थियों ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग ने एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के पांच विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम रोशन किया है। नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में जिविधा शर्मा, निखिल, राहुल लकड़ा, ममता एवं सुधीर शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### एसबीएम पब्लिक स्कूल में करियर गाइडेंस सेमिनार

**उचाना।** एसबीएम पब्लिक स्कूल काकड़ोद में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जींद के पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह रहे। कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को आईपीएस, आईएएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में जाने का मार्ग समझाया। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से कोई भी छात्र लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई की घोषणा

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई इकाई की विधिवत घोषणा की गई। यह घोषणा एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी द्वारा की गई। अवसर पर महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

### धौला कुआं चौक पर खंभा बना परेशानी का सबब

**नरवाना।** नरवाना के धौला कुआं चौक पर बिजली का एक पल जो की दयनीय स्थिति में है और कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है आए दिन यहां से सैंकड़ों वाहन तथा राहगीर यहां से गुजरते हैं जो कि कभी भी किसी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। विभाग किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। विभाग जागेगा।

### इंडस स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

# अवसरों का लाभ उठाने वाले को मिलेगी जीवन में सफलता: सुभाष

## विद्यार्थियों ने अपनी सुंदर-सुरर प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

**अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल प्रांगण में पांचवीं कक्षा के बच्चों द्वारा शश्वत विषय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया गया। कक्षा कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, देशभक्ति, हरियाणवी नृत्य तथा भ्रष्टाचार पर अंग्रेजी में नाटक की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाभारत की अनोखे रूप से दी गई प्रस्तुति मुख्य आकर्शण का केंद्र रही। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार की गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इनसे हमें अपने संस्कारों को भी बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के अंदर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों के चंहुमुखी विकास पर प्रकाश डालते कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लेते अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना चाहिए और जीवन में अनुशासन का पालन करते अपने लक्ष्य पथ पर चलना चाहिए। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो व्यक्ति साहस के साथ अवसरों का लाभ उठा कर आगे बढ़ता है, वहीं सफलता की बुलंदियों को छूता है। आज इंडस के छात्र देश में ही नही, विदेशों में भी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए हुए अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल जींद नित नए आयामों को छूता हुआ हर प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में शिक्षा, खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम हो इंडस पब्लिक स्कूल जींद बुलंदियों को छूता हुआ लगातार आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





**जींद।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# कैथल : साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता जरूरी: अपराजिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डिजिटल सुरक्षा और एआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस-2026 के उपलक्ष्य में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी अपराजिता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया। डीसी अपराजिता ने कहा कि आज के दौर में हम तकनीक से दूर नहीं रह सकते, लेकिन स्मार्ट तकनीक के चयन के साथ सुरक्षित विकल्प चुनना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग के लिए जागरूकता एवं सतर्कता जरूरी है। यदि हम इस दिशा में थोड़ा सा भी ध्यान दें दें तो बड़े साइबर अपराध को रोक सकते हैं। इसके लिए अपने पासवर्ड मजबूत रखें। टू स्टेप वेरिफिकेशन जैसे विकल्पों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने विशेष रूप से एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि एआई का उपयोग एक सहायक उपकरण के रूप करें, लेकिन इसके द्वारा जनित सूचना पर आंख मूंदकर विश्वास न करें और हमेशा तथ्यों की जांच करें। इस तकनीक का उपयोग सावधानी और जिम्मेदारी के साथ करें।

**बैठक में अधिकारी**




**जींद।** पुस्तक मेले का शुभारंभ करते वीसी। फोटो :हरिभूमि

### दो दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि परिसर में दो दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ किया। ज्ञानवर्धक आयोजन का उद्घाटन विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, शिक्षकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि पुस्तकें मानव जीवन की सच्ची मित्र होती हैं। जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तक मेले का अधिक से अधिक भ्रमण करने, श्रेष्ठ साहित्य एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं, शैक्षणिक उन्नति और व्यक्तित्व विकास के लिए पुस्तकों को नियमित जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

### ऐसा कोई वर्ग नहीं, जिसको भाजपा ने ठगा नहीं: बिजेंद्र

**जींद।** कांग्रेस वरिष्ठ नेता बिजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि भाजपा सरकार ने मनरेगा अधिकार कानून को समाप्त करके वी बी जी राम जी नाम से आधारित कानून बनाया है। जिसे लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों से बिना सुझाव लिए ध्वनिमत से पारित कर दिया गया है। नए कानून वीबी जी रामजी ने काम के हक से ग्रामीण श्रमिकों को वंचित रखने का फरमान जारी कर दिया। पहले 100 दिन के काम की गारंटी थी लेकिन 125 दिन के काम का दावा है लेकिन वास्तविक गारंटी कुछ नहीं है। ट्रेड डील से हिंदुस्तान के किसान खत्म हो जाएगा। हैचरी व डेयरी व्यवसाय खत्म हो जाएगा। प्रदेश के बुजुर्गों की पैंशन काटी जा रही है। बीपीएल परिवारों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। प्रदेश की जनता खून के आसू रो रही है।



### डी-एडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मंगलवार को डीएवी कॉलेज, पुण्डरी में डी-एडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जागरूकता कार्यक्रम 'नशामुक्त कैथल' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो सांसद नवीन जिन्दल के नेतृत्व में चल रहे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान का एक अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सकारात्मक और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों की एक सशक्त पैनल टीम विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रही, जिसमें काउंसलर निधि एवं पंकज, तथा नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से राहुल एवं अनुष्का बोस शामिल रहे।


**ढांड।** एनसीसी कैडेट तनु को सम्मानित करते प्राचार्य डा. ऋषिपाल।

### कैडेट तनु ने बढ़ाया कॉलेज का मान

**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज, कौल के लिए गर्व का विषय है कि महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट तनु (चेस्ट नंबर 237) का चयन जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित आर्मी डे परेड के लिए हुआ। इस परेड में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, साउथ वेस्टर्न कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने बताया कि यह उपलब्धि कैडेट तनु के अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रभक्ति का परिणाम है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) ने भी एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरभि अदलखा के साथ तनु को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के अनुसार कैडेट तनु का चयन लंबी और कठिन प्रक्रिया के बाद हुआ।

### नियमित योग अभ्यास से शरी स्वस्थ: सुनीता

**जींद।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव जाजवान में चार दिवसीय योग जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। शिविर के अंतर्गत गांव के स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्टेडियम परिसर में बच्चों, महिलाओं तथा ग्रामीणों को योग अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। योग अभ्यास सत्र योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश एवं योग विशेषज्ञ गोविंदा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए। चारों दिन योग सहायक सुनीता द्वारा प्रतिभागियों को योगासनों एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया तथा योग के शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। योग सहायक सुनीता ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है।


**कैथल।** ग्रामीणों को संबोधित करते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

### जल अर्पण दिवस को लेकर किया जागरूक

**कैथल।** मंगलवार को जिले के पुंडरी खंड के गाँव बुच्ची में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा की अध्यक्षता गाँव के सरपंच अंकुश कुमार ने की। अभिषेक शेर, नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक, कैथल के दिशा-निर्देशानुसार जल अर्पण दिवस को लेकर ग्राम स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन (वासो) के जिला सलाहकार दीपक ने जल अर्पण दिवस के महत्व पर जानकारी दी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का उद्देश्य केवल पेयजल योजनाओं का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि गांवों में सामुदायिक स्वामित्व, जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना को मजबूत करना है।



**पूंडरी।** डी-एडिक्शन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते विधार्थी।


**जींद।** शिविर में योगाभ्यास करवाते सुनीता। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** कार्यशाला में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### योग के महत्व से अवगत करवाया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय योग और जीवन पतंजलि के सूत्रों का अनुप्रयोग रहा। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को योग के महत्व और उसके विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला की संयोजिका एवं इतिहास विभागध्यक्षा डा. रश्मि मलिक ने योग के महत्व को समझाते हुए छात्राओं को कार्यशाला में उत्सुकतापूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कहा कि योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि हमारे मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए भी आवश्यक है। कार्यशाला की मुख्य वक्ता डा. सुमन पूनिया ने योग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, ध्यान, समाधि, धारणा, आत्मा, मोक्ष आदि विषयों पर उदाहरण सहित समझाया।

# डिस्कस थ्रो में संजना अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विजेता खिलाडियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में डिस्कस थ्रो में संजना ने प्रथम, संतोषी ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में प्रिया प्रथम, काजल द्वितीय व संतोषी तृतीय रहीं। शॉटपुट स्पर्धा में काजल ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ (महिला) में संजना प्रथम, जॉन्सी द्वितीय व आरती तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ (महिला) में भी संजना ने प्रथम, जॉन्सी ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में शॉटपुट में विशाल प्रथम, विनय द्वितीय व अमय तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में विशाल ने प्रथम, मनदीप ने द्वितीय तथा ईशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में अमय प्रथम, मनदीप द्वितीय व सागर तृतीय रहे। 1500 मीटर दौड़ (पुरूष) में अनिल प्रथम, वकील द्वितीय व साहिल तृतीय रहे।


**जुलाना।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि


**पूंडरी।** टीम में भाग लेने वाली छात्राओं के साथ प्रिंसिपल डॉ शंकुतला व अन्य।

### साइक्लिंग स्पर्धा में ज्योति ने जीता सोना

**पूंडरी।** कुरुक्षेत्र विवि द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज साइक्लिंग चैंपियनशिप में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कॉलेज की टीम ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम कर शानदार उपलब्धि हासिल की। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम लता ने बताया कि कॉलेज की होनहार साइकिल चालक ज्योति ने अपनी रफ्तार और तकनीक से सभी को प्रभावित करते हुए दो अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने 500 मीटर इंडिविजुअल टाइम ट्रायल और 3 हजार मीटर इंडिविजुअल परस्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कॉलेज की एक अन्य प्रतिभावान खिलाड़ी वैशिका ने 1हजार मीटर मास स्टार्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर टीम की झोली में तीसरा गोल्ड डाला।

### एडीसी की अध्यक्षता में कम लिंगानुपात वाले गांवों की स्थिति पर मंथन

# अवैध गर्भपात पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय में जिला स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में घटते लिंगानुपात और कम लिंगानुपात वाले गांवों की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पीसी पीएनडीटी और एमटीपी अधिनियम के सही तरीके से पालन को लेकर भी समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून के अनुसार नियमित जांच और निरीक्षण किए जाएं ताकि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम है, वहां सिर्फ जागरूकता अभियान चलाना ही काफी नही है बल्कि वहां विशेष निगरानी और ठोस कार्य योजना बना कर काम किया जाए। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म को बढ़ावा देना समाज की जिम्मेदारी है और इस विषय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। सभी विभाग मिलकर इस दिशा में काम करें। डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग लगातार लिंगानुपात सुधारने के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि पीसी पीएनडीटी अधिनियम का उद्देश्य गर्भ में लिंग जांच और लिंग के आधार पर गर्भपात पर रोक लगाना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में नियमित बैठकें की जाती हैं। जिले के 304 गांवों को लिंगानुपात के आधार पर तीन श्रेणियों में रखा गया है। 900 से अधिक लिंगानुपात वाले गांव ग्रीन जोन, 850 से 900 के बीच वाले गांव येलो जोन और 850 से कम लिंगानुपात वाले गांव रेड जोन में शामिल हैं। गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग और निगरानी के लिए आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

अस्पतालों में एमटीपी से जुड़े मामलों की समीक्षा की जा रही है। अल्ट्रासाउंड और एमटीपी के मामलों में आरसीएच आईडी, आभा आईडी का प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि रिकॉर्ड ठीक से रखा जा सके। जहां भी जरूरत हो वहां नियमानुसार जांच की जा रही है। बैठक में सीएमओ डा. सुमन कोहली, डीपीओ सीमा रोहिल्ला, एसआई मोनिका, ड्रग कंट्रोल ऑफिसर गीता, रूबी शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते भाकियू नेता भूराराम पबनावा व अन्य किसान।

### पेंशन कटौती पर जमकर नारेबाजी

**पूंडरी।** भारतीय किसान संयुक्त की बैठक किसान भवन पूंडरी में आयोजित की गई। अध्यक्षता उपप्रधान रामकुमार ने की। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों व मजदूरों की सम्मान पेंशन में की गई कटौती को लेकर नारेबाजी की गई। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन बुढ़ापे में मान-सम्मान और जीवन यापन का सहारा होती है, इसलिए आय को देखते इसे बहाल किया जाना चाहिए। किसान संयुक्त मोर्चा इस निर्णय का विरोध करता है और फिलहाल इस मुद्दे पर हर स्तर पर बातचीत चल रही है। यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो बड़ा आंदोलन छेडने का निर्णय लिया जाएगा। कहा कि जब विधायक और मंत्री 4 से 5 पेंशन ले रहे हैं और अरबों की संपत्ति के मालिक हैं, तो उनकी पेंशन पर भी रोक लगाई जानी चाहिए। सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। यह मांग भी उठाई गई कि यदि यूरिया खाद का बैग जैसे 40 किलोग्राम का किया गया है।

## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** कैथल के गांव सेरहदा में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव सेरहदा के करतार सिंह ने राजौंद थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 फरवरी को जब वह दोपहर को करीब 11:00 बजे गांव से जा रहा था तो एक अज्ञात कार चालक द्वारा अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### चोरों ने ट्रक से हजारों का चावल चुराया

**कैथल।** कैथल के धनौरी रोड से चोर एक ट्रक से हजारों रुपए के चावल चुरा कर ले गए। गांव दुब्बल के नानूराम ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रक चालक है। उसने बताया कि 8 फरवरी को जब रात के समय वह अपने ट्रक में चावल लोड करते हुए कैथल के खनोरी रोड से जा रहा था तो दो व्यक्तियों द्वारा उसके ट्रक से करीब 15 चावल के बैग चुरा लिए।

### सड़क हादसे में एक युवक घायल

**कैथल।** कैथल के बाबा राजपुरी गेट के निकट हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। इस संबंध में महादेव कॉलोनी सीवन गेट कैथल के अजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि 7 फरवरी को जब वह शाम 7:00 बजे बाबा राजपुरी गेट के निकट से जा रहा था तो एक अज्ञात गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### चोरों ने मकान से लाखों के जेवरात चुराए

**कैथल।** कैथल के सिरटा रोड से चोर एक मकान में घुसकर वहां से लाखों रुपए के सोने व चांदी के जेवरात तथा अन्य सामान चुरा कर ले गए। सिरटा रोड कैथल के अशोक कुमार ने शिकायत में बताया कि 8 फरवरी की रात को चोर उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे सोने व चांदी के जेवरातख दो मोबाइल फोन वह अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### डेरा लुधियाना पर हुई मारपीट में एक घायल

**कैथल।** गांव रामथली के डेरा लुधियाना पर हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डेरा रामथली के सुखप्रीत उर्फ सूखा ने शिकायत में बताया कि 9 फरवरी को बाद दोपहर करीब 3:30 बजे अमरीक सिंह, सूरज कुमार, सुखदेव सिंह, मनप्रीत सिंह, रणजीत सिंह, कुलवंत सिंह ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### सीवन क्षेत्र में 11वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़

**कैथल।** कैथल जिले में सीवन थाना के तहत आने वाले गांव में 11वीं कक्षा की छात्रा से छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। लड़की स्कूटी पर सवार होकर स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर आ रही थी। गांव के ही एक आरोपी ने बाइक पीछे लगाकर उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ अपशब्द कहते हुए छेड़खानी की। डरी सहमी लड़की ने घर जाकर परिजनों को इस बारे में बताया।

### टीबी एक संक्रामक बीमारी : डा. संदीप

**राजौंद।** गांव जाखौली के पंचायत घर में सरपंच की अध्यक्षता में स्वास्थ्य जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एएनएम, आशा वर्कर, एमपीएचडब्ल्यू सहित गांव के कई लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप ने टीबी (क्षय रोग) के बारे में जानकारी दी।

### बिजली संबंधी शिकायतें 16 को सुनीं जाएंगी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में 16 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता फोरम के अध्यक्ष योग राज करेंगे।

---

खून की कमी मिलने पर लोगों को कर रहे जागरूक

# स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया एनीमिया उन्मूलन अभियान

*गर्भवती महिलाएं नियमित रूप से खून की जांच करवाएं : डा. मंजू*

- एक माह तक की जाएगी हीमोग्लबोबिन (खून) की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनीमिया यानी खून की कमी से पीड़ित लोगों की पहचान कर उन्हें आयरन की गोलियां वितरित की जा रही हैं। साथ ही एनीमिया को लेकर जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल परिसर में बैनर भी लगाए गए हैं ताकि इन्हें पढ़ कर लोग एनीमिया से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक हो सकें। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा लोगों के रक्त की जांच की जा रही है। जांच में जिन लोगों में खून की कमी पाई जा रही है, उन्हें आयरन की गोलियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अभियान के दौरान अढाई लाख से अधिक लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एनीमिया की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है।



जींद। नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आई महिलाएं।

#### जिला स्तर पर चलाया जा रहा है अभियान

एनीमिया मुक्त अभियान जिलास्तर पर चलाया जा रहा है। नागरिक अस्पताल सहित ग्रामीण व शहरी स्तर पर स्वास्थ्यकर्मी खून की जांच कर रहे हैं। बाकायदा अभियान के तहत लोगों को एनीमिया के लक्षण, बचाव और इलाज के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। जिनमें 11 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन पाया जा रहा है, उन्हें खून बढ़ाने की गोलियां दी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभगा ने सामान्य, मध्यम व गंभीर एनीमिया के रोगियों की कैटेगरी बनाई गई हैं।

#### छह श्रेणियों में होगी जांच

सामान्य मरीजों को पहले की तरह प्राथमिक स्तर पर आयरन की दवा दी जाएगी। वहीं अब गंभीर एनीमिया रोगियों को दवाएं देने के साथ जब तक ये ठीक नहीं होते तब इनकी मॉनिटरिंग कर फीडबैक भी लिया जाएगा। इसके अलावा छह माह से 59 माह तक के बच्चे, पांच से नौ वर्ष तक के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर व किशोरियां, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं की विशेष जांच होगी। महिला रोग विशेषज्ञ डा. मंजू ने बताया कि महिला ओपीडी में आने वाली महिलाओं की रक्त की जांच की जा रही है। कम हीमोग्लोबिन वाले मरीजों को हरी पत्तेदार सब्जियां, चुकंदर, गुड़, अनार, खजूर आदि आयरन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करना चाहिए। साथ ही चाय व कॉफी जैसे पेय पदार्थों को भोजन के तुरंत बाद लेने से परहेज करना चाहिए। क्योंकि ये आयरन के अवशोषण में बाधक होते हैं।

अनीमिया की समय पर जांच से न केवल बीमारी की रोकथाम संभव है बल्कि यह महिलाओं व बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। आमजन अभियान के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंच कर जांच अवश्य करवाएं। गर्भवती महिलाएं नियमित रूप से खून की जांच करवाएं।

#### ये हैं एनीमिया से बचाव के उपाय

*एनीमिया से बचाव के लिए संतुलित भोजन व मौसम के अनुसार उपलब्ध फल व सब्जी का सेवन करना चाहिए। पालक, गाजर, चुकंदर, गुड़, चना दाल आदि का सेवन करना चाहिए। वह खाद्य पदार्थ जिसमें आयरन भरपूर मात्रा में हों, इनका सेवन से यह बीमारी ठीक हो सकती है। इसके अलावा खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच व उपचार करवाएं, प्रतिदिन हरी सब्जियां, फल, अनाज और दालें खाने व व्यायाम से एनीमिया को दूर किया जा सकता है। एनीमिया मिलने पर आयरन की गोली व सिरप की आयु वर्ग अनुसार निर्धारित खुराक लें, आंत के कीड़ों के लिए हर छह माह में एल्बेंडाजोल की गोली लेनी चाहिए।*

#### ये हैं लक्षण

जल्दी थक जाना व सांस फूलना, सुस्ती व नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार पडना, पढ़ाई, खेलकूद व अन्य कार्यों में मन न लगना, भूख न लगना, चक्कर आना, जीभ, हथेलियों व आंखों में सफेदपन इसके लक्षण हैं।

---

# भाजपा ने प्रदेश में 40 हजार बुजुर्गों का सम्मान भता काटा : दुष्यंत

- कहा : जेपी को सपने में भी दिखती है जेजेपी

हरिभूमि न्यूज. उचाना

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उचाना हलके के मंगलपुर, दरोली खेड़ा, उचाना खुर्द, उचाना कलां, बड़ौदा, खटकड़ गांव में पहुंचे। हलके के गांव में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए व उनके दुख, सुख में शामिल हुए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पिछले दो हफ्तों से एक ही बात कह रहे हैं कि हमने सबसे ज्यादा पेंशन बढ़ाई। पहले तो यह जवाब दें कि जब से नायब सिंह सैनी ने शपथ ली है तब से क्या एक रुपए भी बुढ़ापा पेंशन प्रदेश में बढ़ी है। ना तो उन्होंने कोई पेंशन बढ़ाई बल्कि 40 हजार बुजुर्गों की पेंशन को काटने का काम किया और कहना है कि अभी कटी नहीं है रिवीजन में है। पिछले तीन महीने से बुजुर्ग प्रताड़ित है। नायब सिंह सैनी तुरंत प्रभाव से दोबारा बुजुर्गों के सम्मान को उन तक नहीं पहुंचाएंगे तो हमें महामहिम राज्यपाल से मिलना पड़े, जिलास्तर पर प्रदर्शन करना पड़े तो जेजेपी के कार्यकर्ता पूरी तरीके से इस लड़ाई को लड़ेंगे। पूर्व डिप्टी सीएम ने उचाना में होने वाली सीएम की विकास रैली पर बोलते हुए कहा कि अगर आप देखोगे तो इंफ्रास्ट्रक्चर का नाश कर दिया गया है। 10 गांव उचाना हलके के घूम के आया हूं। जो पैचवर्क बारिश के समय में लगाने होते हैं अभी तक तो वह भी नहीं लगाए गए हैं। नहरी, पब्लिक हेल्थ के प्रोजेक्ट अभी तक लटके हुए हैं।



उचाना। कार्यकर्ता के आवास पर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### यूजीसी नेट की परीक्षा में लहराया परचम



***नरवाना।*** *सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की मेधावी छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कॉमर्स से दीपिका एवं रिंकी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की है। दीपिका ने यूजीसी नेट परीक्षा में व रिंकी ने पीएचडी के एंट्रेस में सफलता अर्जित की। जिसमें से छात्रा दीपिका ने पहले एमकॉम प्रथम वर्ष और अब एमकॉम द्वितीय वर्ष में दूसरी बार भी नेट की परीक्षा पास कर के कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा। प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने छात्राओं को मिठाई खिला कर बधाई दी।*

### मौके पर नहीं मिली अधिकारी

***जींद।*** *जींद की नगराधीश मोनिका ने मंगलवार को तहसीलदार के खिलाफ शिकायत करने वाले लोगों को जांच के लिए बुलाया लेकिन मौके पर न तो नगराधीश मिली और न ही तहसीलदार मौके पर पहुंची। जांच में शामिल होने के लिए यहां पर वीरेंद्र जेपी सिंह एडवोकेट, घनश्याम गोयल एडवोकेट, सुनील वर्मा एडवोकेट, राजेंद्र बीबीपुर, होशियार सिंह बरसोला, जयवीर बरसोला, कमलेश देवी शिव कॉलोनी जींद, रामराजी हथवाला, नरेश कुमार जुलाना समेत अनेक लोग पहुंचे हुए थे। कमलेश देवी ने बताया कि उनका कोर्ट से बंटवारा हो चुका है लेकिन तहसीलदार ने उनके हक में बंटवारा करने की बजाय उस किला नंबर में किसी दूसरे व्यक्ति का नाम चढ़ा दिया। बहुत से लोग इंतकाल के लिए चक्कर काट रहे हैं। वीरेंद्र जेपी सिंह एडवोकेट ने कहा कि जींद तहसीलदार अपने दफ्तर में कभी बैठती ही नही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पैसों के तहसील में कोई काम नहीं होता। जबसे यह तहसीलदार आई है तब से उन्होंने कोर्ट भी नहीं लगाई है, जबकि रेवेन्यू डिपार्टमेंट की कोर्ट बहुत जरूरी होती है।*

### शिक्षा भारती स्कूल में विदाई समारोह




**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में भावुक माहौल में कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा अपने वरिष्ठ साथियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण रंग बिरंगी सजावट से सजा हुआ थाए जिसमें कक्षा 12वीं के छात्र व छात्राएं अपने जूनियर्स द्वारा दी गई भावभीनी विदाई में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और केक कटिंग से हुई। जिसके बाद विद्यालय के प्राचार्य अनिल चहल ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कक्षा 11वीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किएए जिसमें नृत्यए गायन और नाटक शामिल थे। समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा स्कूल मेमोरीज शीर्षक से एक मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन।

## हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका यूनियन संबद्ध केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी ने 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया है। इस संबंध में ढांड में यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। यूनियन की जिला प्रधान संतोष देवी ने कहा कि यूनियन अपनी मांगों को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक ज्ञापन दे चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसके विपरीत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर कार्यभार लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 118 दिन चले आंदोलन के बाद 975 वर्करों को बहाल तो कर दिया गया, लेकिन हड़ताल अवधि का भुगतान अभी तक नहीं मिला, जबकि सरकार ने बातचीत के दौरान इसका आश्वासन दिया था।




---

## न्यूज डायरी

### राजेश पायलट की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**कैथल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सरल व्यक्तित्व, साहसिक नेतृत्व एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि राजेश पायलट ने भारतीय वायुसेना में अपनी सेवाएं देने के बाद राजनीति में प्रवेश कर किसानों, युवाओं और आमजन के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। वे सादगी, ईमानदारी और जमीनी जुड़ाव के प्रतीक थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामचन्द्र गुर्जर ढांड जिलाध्यक्ष कांग्रेस, राहुल गोरसी, निशान ढांड, प्यारा सिंह सरपंच, सतीश कुमार, सुरेन्द्र जाजनपुर अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से छुटकारा : शिक्षा



**कैथल।** श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में महिला प्रकोष्ठ एवं एंटी ड्रग अवेयरनेस के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुनील गर्ग की अध्यक्षता में किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षा देवी सिविल नर्सिंग ऑफिसर सिविल अस्पताल कैथल को आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महिला प्रकोष्ठ अधिकारी रीनू रानी द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत के साथ की गई। अपने व्याख्यान में शिक्षा देवी ने छात्राओं को पर्सनल हाइजीन, एनीमिया, संतुलित आहार तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। व्यक्तिगत स्वच्छता न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि यह कई गंभीर बीमारियों से बचाव में भी सहायक होती है। उन्होंने हरी सब्जियों, दालों, फल-फ्रूट्स और पौष्टिक भोजन को दैनिक आहार में शामिल करने की सलाह दी।

### काब्रच्छा की टीम लीगल लिटरेसी क्विज में प्रथम



**उचाना।** राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में हिसार मंडल की तरफ से भाग लेते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काब्रच्छा की टीम ने लीगल लिटरेसी प्रश्नोतरी में प्रथम स्थान प्राप्त किय। प्राचार्य सज्जन राणा, स्टाफ सदस्यों ने प्रश्नोतरी टीम के प्रतिभागियों उज्जवल, तनवीर, कर्मजीत व उनके संयोजक राजनीति शास्त्र प्रवक्ता मक्खन लाल का स्वागत किया। प्राचार्य सज्जन कुमार ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ने ये साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं है। इन विद्यार्थियों की कानून के प्रति समझ अति सराहनीय है। जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने प्राचार्य व टीम को बधाई संदेश भेजा। खंड शिक्षा अधिकारी रणपाल श्योकंद ने कहा कि राज्य स्तर पर प्रथम आना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इस अवसर पर रामवीर सिंह, संदीप कुमार, सुनील कुमार, विक्रम, नरेंद्र, महक व सोनिया उपस्थित रही।

### डोपिंग पड़ रहा खिलाड़ियों पर भारी : गुरमीत सिंह



**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच गुरमीत सिंह का नशा-मुक्त समाज का संदेश खेल केवल पदक और जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का माध्यम भी है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच श्री गुरमीत सिंह (कैथल) ने खेल जगत और समाज में बढ़ते नशीले पदार्थों व ड्रग्स के दुष्प्रभावों को लेकर सशक्त संदेश दिया और युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया।कोच गुरमीत सिंह ने कहा कि खेल में प्रयोग होने वाले नशीले पदार्थ और ड्रग्स न केवल खिलाड़ी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि खेल की आत्मा और ईमानदारी को भी खत्म कर देते हैं। डोपिंग के कारण खिलाड़ी अल्पकालिक लाभ तो पा सकते हैं, लेकिन लंबे समय में यह उनके शरीर, मानसिक संतुलन और करियर तीनों को बर्बाद कर देता है।

### नपा चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**जुलाना।** नगर पालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कस्बे की लंबे समय से चली आ रही सीवरेज समस्या को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जुलाना कस्बे में बदहाल सीवरेज व्यवस्था से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग रखी। डा. संजय जांगड़ा ने मुख्यमंत्री को बताया कि जुलाना कस्बे के अधिकांश क्षेत्रों में सीवरेज लाइनें पूरी तरह से बंद पड़ी हैं। जिसके कारण गंदा पानी सड़कों और गलियों में ओवरफ्लो हो जाता है। इससे न केवल आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी लगातार बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और जुलाना की सीवरेज समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

### समाज को सकारात्मक दिशा दे रही भाविप : निधि



**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी शाखा द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए शिव गो चिकित्सालय, पाई रोड पूंडरी में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नवीन टाया की बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रखा गया, जिसमें परिषद के सदस्यों ने गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के दौरान गो चिकित्सालय में गौमाता के लिए दवाइयां, गुड़ तथा अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। महिला संयोजिका निधि मोहन ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है। उन्होंने बताया कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसरों पर सेवा कार्य करने से समाज में सकारात्मक सोच, संवेदनशीलता और परोपकार की भावना विकसित होती है, जिससे समाज को नई दिशा मिलती है। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि परिषद समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में कार्य करती रही है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। गौशाला प्रबंधन ने परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से गौशालाओं को संबल मिलता है और सेवा भावना को प्रोत्साहन मिलता है।

---

चंडीगढ़ रूट पर पिछले दिनों सात बजकर 50 मिनट पर शुरू की गई थी बस

# जींद से चंडीगढ़ एसी बस को हटाकर सिरसा के लिए चलाई

- एसी बस में यात्रियों की संख्या लगातार हो रही थी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से सुबह छह बजकर 40 मिनट पर चंडीगढ़ जाने वाली एसी बस को हटा कर अब सिरसा के लिए चलाया गया है। चंडीगढ़ रूट पर पिछले दिनों सात बजकर 50 मिनट पर बस शुरु की गई थी। इस कारण एसी बस में यात्रियों की संख्या कम होने लगी थी।

ऐसे में सुबह छह बजकर 40 मिनट पर चंडीढ़ जाने वाली बस को वहां से हटाकर अब सिरसा रूट पर लगाया गया है। जींद डिपो में इस समय दस एसी बस हैं। इसमें से एक बस सफीदों व एक बस नरवाना उपकेंद्र में है। जबकि आठ बस जींद मुख्यालय पर हैं। सफीदों वाली बस को दिल्ली तो नरवाना वाली बस को वाया हिसार से चंडीगढ़ चलाया जा रहा है। जींद से चंडीगढ़ रूट पर पहले पांच एसी बस चलती थी। पहली बस सुबह छह बजकर 40 मिनट पर चलती थी। जो वाया 152 डी के रास्ते होकर जाती थी। इसे हटाकर अब सिरसा के लिए चलाया गया है। सिरसा के लिए चलाई गई एसी बस में 299 रुपये किराया रुपये है। जबकि साधारण रोडवेज बस में किराया 205 रुपये है।

जींद से सिरसा की दूरी 181 किलोमीटर है। वहीं चंडीगढ़ के लिए एसी बस सुबह नौ बजकर 20 मिनट, सुबह 10 बजकर 50 मिनटए दोपहर 12 बजे और पांचवीं बस दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है। वहीं गुरुग्राम रूट पर सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, दूसरी बस 11 बजकर 20 मिनट और तीसरी बस दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर गुरुग्राम के लिए रवाना होती है। एसी बस में जींद से चंडीगढ़ का किराया 340 रुपये, जींद से गुरुग्राम का किराया 251 रुपये लगता है। जींद डिपो में लगभग 170 साधारण बसें हैं। पहले डिपो में एसी बस नहीं थी। यात्रियों द्वारा लंबे रूटों पर एसी बसों की डिमांड की जा रही थी। जींद से चंडीगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा हरिद्वार, रिषिकेश, देहरादून, पांवटा साहिब, सालासर, बालाजी, अमृतसर और लुधियाना जैसे लंबे रूटों पर भी साधारण बसें ही जा रही हैं। इन रूटों पर यात्रियों के लिए गर्मी के मौसम में एसी बस की जरूरत महसूस की जा रही थी। जींद डिपो प्रबंधन ने भी एसी बसों की डिमांड मुख्यालय भेजी हुई थी। अगस्त माह के बीच में डिपो में एसी बस आई थीए जो लंबे रूटों पर चल रही हैं।



जींद। बस अड्डे पर मौजूद यात्री। *फोटो : हरिभूमि*

#### यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास

*जींद डिपो के डीआई सुनील पूनिया ने कहा कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों का संचालन किया जा रहा है। जिस रूट पर भीड़ ज्यादा होती हैए वहां बस भेज दी जाती है। जींद से वाया 152 डी के रास्ते जाने वाली एसी बस को हटाकर सिरसा के लिए चलाया गया है। डिपो में दस एसी बस हैं। डिपो का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जाए।*

### बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजौंद।** गांव माजरा रोहेड़ा स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजौंद संदीप सिंह के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को बेटी के महत्व, उसकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने की शपथ ली।कार्यक्रम के दौरान डॉ. फरमान अली ने कहा कि समाज की प्रगति में बेटियों की अहम भूमिका है। उन्होंने बेटियों को समान अवसर देने, उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। एमपीएचडब्ल्यू पूजा रानी ने गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।